मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-499**
**09/08/2026**

# बिहार पृथ्वी दिवस–2026 पर मुख्यमंत्री ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिया संदेश

पटना 09 अगस्त 2026 :– बिहार पृथ्वी दिवस–2026 के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास परिसर में पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कल्पतरु और रुद्राक्ष का पौधा लगाया। मुख्यमंत्री ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण को जन–अभियान बनाने और इसको लेकर लिए गये संकल्पों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर 11 सूत्री संकल्प जारी किया गया। ग्यारह सूत्री संकल्प में प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसकी सुरक्षा एवं देखभाल कर उसे वृक्ष बनाने का संकल्प शामिल है। इसके साथ ही अपने आसपास के तालाब, नदी, पोखर एवं अन्य जल स्रोतों को प्रदूषित नहीं करने और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करने की बात कही गई है।

संकल्प पत्र में आवश्यकता से अधिक जल का उपयोग नहीं करने तथा इस्तेमाल के बाद नल बंद रखने, घर, विद्यालय और आस–पड़ोस में वर्षा जल संचयन के लिए परिवार के सदस्यों को प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया है। बिजली का उपयोग आवश्यकतानुसार करने और घर से बाहर निकलते समय बिजली के बल्ब एवं पंखे बंद करने का संकल्प भी इसमें शामिल है।

इसके साथ ही स्वच्छता को लेकर घर, विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने तथा कूड़े को कूड़ेदान में डालने की अपील की गई। प्लास्टिक और पॉलिथीन का उपयोग बंद कर कपड़े या कागज के थैलों का इस्तेमाल करने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।

ग्यारह सूत्री संकल्प में जीव–जंतुओं एवं पशु–पक्षियों के प्रति प्रेम का भाव रखने और यथासंभव उनके लिए दाना–पानी की व्यवस्था करने, नजदीक के कार्यों के लिए पैदल या साइकिल का उपयोग करने तथा कागज का अनावश्यक इस्तेमाल नहीं करने पर भी बल दिया गया है। साथ ही खुले में शौच नहीं करने और शौचालय का उपयोग करने का संकल्प भी इसमें शामिल है।

इस अवसर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह भी मौजूद थे।

*********